# पत्र सूचना कार्यालय के बारे में

## पत्र सूचना कार्यालय
## भारत सरकार

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भारत सरकार की नोडल एजेंसी है जो सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, पहलों और उपलब्धियों पर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सूचना प्रसारित करती है। यह सरकार और मीडिया के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है और मीडिया में परिलक्षित लोगों की प्रतिक्रिया पर सरकार को फीडबैक प्रदान करने का कार्य भी करता है।
पीआईबी संचार के विभिन्न तरीकों के माध्यम से सूचनाओं का प्रसार करता है, जैसे प्रेस विज्ञप्ति, प्रेस नोट, फीचर लेख, बैकग्राउण्डर्स, तस्वीरें तथा ब्यूरो की वेबसाइट पर उपलब्ध डाटाबेस इत्यादि। प्रसारित सूचनाएं अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में जारी की जाती है, तत्पश्चात् इनको देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 8,400 समाचार पत्रों और मीडिया संगठनों तक पहुंचाने के लिए अन्य भारतीय भाषाओं में भी इनका अनुवाद किया जाता है।
इसके अतिरिक्त, पीआईबी सरकार की महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों पर मीडियाकर्मियों को सुकर बनाने के लिए मंत्री/सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साक्षात्कार, प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रेस वार्ताओं, का आयोजन करता है। ब्यूरो देश में चल रही विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में मीडिया को प्रत्यक्ष रूप में सक्षम बनाने हेतु सम्पन्न प्रोजेक्ट साइटों के लिए प्रेस दौरा भी आयोजित करता है।

## संगठन की स्थापना

पत्र सूचना कार्यालय का मुख्यालय नई दिल्ली में है। इसकी अध्यक्षता प्रधान महानिदेशक (मीडिया और संचार) करते हैं, जिन्हें मुख्यालय में एक महानिदेशक और आठ अपर महानिदेशकों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, ब्यूरो में विभागीय प्रचार अधिकारी हैं जो निदेशक, सहायक निदेशक व मीडिया एवं संचार अधिकारी पद के हैं, जिन्हें उनके पद तथा मंत्रालय के आकार, महत्व और संवेदनशीलता के आधार पर विभिन्न मंत्रालयों में तैनात किया जाता है।
पीआईबी मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम (न्यूज़ रूम) भी है, जो सप्ताह के कार्यदिवसों में सामान्य कार्यघण्टों के बाद शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक और सप्ताहांत और छुट्टियों में दोपहर 3.00 बजे से रात 9.00 बजे तक सूचना का प्रसार सुनिश्चित करता है।
क्षेत्रीय प्रेस और अन्य मीडिया की सूचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पीआईबी के पास अपर महानिदेशकों की अध्यक्षता में आठ क्षेत्रीय कार्यालय, 34 शाखा

कार्यालय व सूचना केंद्र हैं। मुख्यालय से जारी स्थानीय भाषा में प्रचार सामग्री को जारी करने के अतिरिक्त, जब कभी किसी विशेष क्षेत्र में केंद्रीय मंत्रालय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा कोई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तब पीआईबी के क्षेत्रीय व शाखा कार्यालय प्रेस विज्ञप्ति, प्रेस नोट, बैकग्राउण्डर्स आदि मूल रूप से जारी करते हैं। ये कार्यालय केंद्र सरकार के उन निर्णयों जो सतत आधार पर सूचना प्रसार के माध्यम से क्षेत्र विशेष के लिए विशेष महत्व के होते हैं, को अभिकेंद्रित भी करते हैं। पीआईबी की गतिविधियों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है जैसे : सूचना, शिक्षा और संचार (प्रचार) फीडबैक प्रत्यायन तथा विशेष सेवाएँ।

## आईईसी (प्रचार)

विभागीय प्रचार अधिकारी (डीपीओ) प्रेस विज्ञप्ति, प्रेस नोट, बैकग्राउंडर आदि के माध्यम से मीडिया को सूचना प्रसारित करने तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रेस दौरे, मीडिया ब्रीफिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए भी विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जुड़े हुए हैं। ये अधिकारी अपने संबंधित मंत्रालयों को लगातार अपेक्षित सेवा प्रदान करते हैं तथा उन मंत्रालयों के संबंध में मीडिया की सूचना संबंधी जरूरतों को भी पूरा करते हैं। डीपीओ मीडिया और मंत्रालयों की प्रचार आवश्यकताओं की जानकारी से संबंधित सभी मामलों पर अपने संबंधित मंत्रालयों को सलाह भी देते हैं। नियमित प्रचार कार्यों के अतिरिक्त, ब्यूरो प्रचार की दिशा में एडिटर्स कॉन्फ्रेंस ऑन सोशल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इश्यूज़, इकोनॉमिक एडिटर्स कॉन्फ्रेंस (ईईसी) पीआईसी और प्रेस टूर्स जैसे कुछ विशेष कार्य भी करता है

### जन सूचना अभियान (पीआईसी)

केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में आम जनता को जानकारी प्रदान करने के लिए डीएवीपी, डीएफपी, एस एंड डीडी आदि के सहयोग से सूचना शिविर के रूप में जन सूचना अभियान (पीआईसी) का आयोजन किया जाता है। पीआईसी की कार्यनीति विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों के लिए डोर स्टैप सेवाओं के वितरण के साथ-साथ सूचना प्रसार को संयोजित करना है। इस अभियान में 'आम आदमी' के साथ सीधे संपर्क की परिकल्पना की गई है तथा इसका उद्देश्य प्रमुख कार्यक्रमों के तहत केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सशक्त बनाना भी है।

**प्रेस दौरे**

देश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत सफल परियोजनाओं की पहचान की जाती है तथा व्यक्तियों, संगठनों और सरकारी एजेंसियों के प्रयासों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया को इन परियोजना स्थलों के दौरे पर ले जाया जाता है तथा मीडिया में इसकी रिपोर्ट भी दी जाती है।

**फीडबैक, सुविधा और फोटो सेवाएं**

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से जुड़े ब्यूरो के अधिकारी भी अपने संबंधित मंत्रालयों और विभागों को फीडबैक प्रदान करते हैं। विशेष सेवाओं के हिस्से के रूप में, पीआईबी में फीडबैक सेल मंत्रालय के उपयोग के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं से समाचार और संपादकीय के आधार पर डेली डाइजेस्ट और स्पेशल डाइजेस्ट तैयार करता है। ब्यूरो की फ़ीचर यूनिट बैकग्राउंडर्स, अपडेट्स, इंफो-नगेट्स, फीचर्स और ग्राफिक्स जारी करती है, जिन्हें स्थानीय मीडिया में अनुवाद और परिचालन के लिए क्षेत्रीय / शाखा कार्यालयों में भी भेजा जाता था।

**प्रत्यायन और अन्य सेवाएँ**

पीआईबी मुख्यालय में विदेशी मीडिया सहित मीडिया प्रतिनिधियों को मान्यता प्रदान करता है। इससे उन्हें सरकारी स्रोतों से जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होती है। मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों की संख्या में 1618 संवाददाता और 476 कैमरामैन/फोटोग्राफर हैं। इसके अतिरिक्त, 152 तकनीशियनों और 84 संपादकों और मीडिया आलोचकों को भी मान्यता दी गई है। ब्यूरो ने वर्ष 2009 से प्रत्यायन की पूर्णतः ऑनलाइन प्रणाली को अपनाया है।